**21/09/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार नवरात्रि के पहले दिन कल से प्रभावी होंगे। राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव कल से शुरू होगा। लोग कम कीमत पर अपने पसंद के सामान खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की विकास गाथा इन सुधारों के साथ बदल जाएगी। युवा, नव मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को इस बचत उत्सव से बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हर राज्य राष्ट्र के विकास की यात्रा में एक समान साझेदार होगा। प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों, बचत उत्सव और नवरात्रि के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

**Byte**

**0000000000000000000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वे 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की दो जल विद्युत परियोजनाओं और 1,291 करोड़ रुपए की दस अन्य बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इन दो विद्युत परियोजनाओं में शि-योमी जिले में स्थित 186 मेगावट की तातो जलविद्युत परियोजना और 240 मेगावट की हेओ जलविद्युत परियोजना शामिल है। इन परियोजनाओं से राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि और स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले राजधानी ईटानगर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाईक, मुख्यमंत्री पेमा खांडू, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, उप मुख्यमंत्री चाउना मेन लोक सभा सांसद तापिर गाव और राज्य सभा सांसद नाबम रेबिया उपस्थित रहेंगे।

0000000000000000000000

उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज ईटानगर में नमो युवा दौड़ नशा मुक्त भारत के लिए को हरी झंडी दिखाई। इस मैराथन में अरुणाचल प्रदेश के सात हजार से ज्यादा युवाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उप मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह दौड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरु किए गए एक राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा था, जो देशभर के सौ शहरों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है और इसमें दस लाख से अधिक युवा भारतीय भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि पांच किलोमीटर की यह मैराथन सिर्फ फिटनेस के बारे में नहीं है, बल्कि मादक पदार्थो के सेवन के खतरों के बारे में जागरुकता फैलाने, हमारे युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने और नशा मुक्त राष्ट्र के आह्वान को मजबूत करने के बारे में भी है। कार्यक्रम में मंत्री केंतो जिनी, दासंगलू पुल, राज्य भाजपा अध्यक्षः कालिंग मोयोंग और अन्य लोग शामिल हुए।

0000000000000000

देशभर में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय ईटानगर ने अपने पांच क्षेत्रीय कार्यालयों तवांग, बोमडिला, आलो, पासीघाट और तेजू के साथ मिलकर "एक पेड़ माँ के नाम" विषय पर वृक्षारोपण अभियान चलाया। वृक्षारोपण अभियान के अलावा सी बी सी क्षेत्रीय कार्यालय ईटानगर ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान ईटानगर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा" पर एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम का भी आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता और सांमुदायिक भागीदारी के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

00000000000000000000

शिक्षा आयुक्त अमजद ताक की अध्यक्षःता में कल शिक्षा विभाग ने हाल ही में 20 जुलाई को जारी शिक्षःको के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश के विरुद्ध प्राप्त अपीलों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रभारी तान्यांग तातक, प्राथमिक शिक्षा निदेशक प्रभारी तानी तालोम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। गौरतलब है कि इस आदेश का असर कुल 203 शिक्षःको पर पड़ा जिनमें पी आर टी, टी जी टी, पी जी टी, PET और बी ई ओ शामिल है। यह समीक्षा बैठक शिक्षक स्थानांतरण एवं नियुक्ति नीति 2025 के ढांचे के तहत की गई, जिसका उद्देश्य शिक्षःको की समान और आवश्यकता आधारित तैनाती सुनिश्चित करना, छात्रो के शैक्षणिक हितों की रक्षा करना और शिक्षःण समुदाय में निष्पक्षःता पारदर्शिता और कार्य संतुष्टि बनाए रखना है।

00000000000000000000

ईटानगर मौसम विज्ञान केंद्र ने लोअर सुबनसिरी, लेपा रादा, ईस्ट सियांग, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और कुछ स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना भी जताई है।

0000000000000000000000

आदि समुदाय को समर्पित "सोलुंग गी दी एम अगम्पे" विषय पर आधारित अरुणाचल रनवे – दो हजार पच्चीस का तीसरा संस्करण शनिवार को ईटानगर स्थित वाई इंटरनेश्नल होटल में आयोजित किया गया। यह आयोजन अरुणाचल प्रदेश सरकार की एक पहल, अरुणाचल प्रदेश स्टार्टअप नीति (दो हजार बाईस-तेईस) के तहत नॉर्थईस्ट इंस्ट्रीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी गुवाहाटी और अरुणाचल प्रदेश इनोवेशन एंड इंवेस्टमेंट पार्क द्वारा संचालित किया गया था।

000000000000000000

कमले जिले के रागा के खेलो इंडिया इंडोर हॉल में कल पांचवीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता दो हजार पच्चीस का उदघाटन हुआ। प्रतियोगिता में उन्नीस जिलों के कुल एक सौ साठ खिलाड़ी चार आयु वर्गो सब जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर में पचास भार वर्गों में पच्चीस अधिकारियों के सहयोग से प्रतिस्पर्धा कर रहे है। यह टूर्नामेंट बाईस सिंतबंर तक चलेगा।

0000000000000000000000000

भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने विश्व स्पीड स्केटिंग चैम्पियनशिप में पुरुषों की 42 किलोमीटर की मैराथन में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। चीन में आयोजित इस चैंपियनशिप में आनंद ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।

000000000000000000